# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

# Q. हाल ही में विश्व योगासन चैम्पियनशिप में जयपुर की प्रीति जैमिनी ने कौनसा पदक जीता है?

(A) स्वर्ण पदक
(B) रजत पदक
(C) कांस्य पदक
(D) इनमें से कोई नही

विश्व योगासन चैम्पियनशिप में जयपुर की प्रीति जैमिनी ने रजत पदक जीता

- विश्व योगासन चैम्पियनशिप का आयोजन 4 से 8 जून तक अहमदाबाद में हुआ।
- जयपुर की मूल निवासी प्रीति जैमिनी ने रजत पदक जीता।

(प्रीति जैमिनी वर्तमान में ओमान में रह रही हैं)

## Yesterday Revision

01. राजस्थान से राज्यसभा की तीन सीटों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार अलका गुर्जर और सतीश पूनिया के साथ कांग्रेस उम्मीदवार नीरज डांगी को 11 जून को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।

02. राजस्थान में आरआरटीएस (रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम) विस्तार को महत्वपूर्ण स्वीकृति मिली। प्रथम चरण में आरआरटीएस कॉरिडोर का निर्माण बहरोड़ तक किया जाएगा।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में राष्ट्रपति भवन में आयोजित नीति आयोग की शासी परिषद की 11वीं बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान के विकास का व्यापक रोडमैप प्रस्तुत किया।

04. राजस्थान के शहरी क्षेत्रों में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से 12 जून से 15 जुलाई तक ''शहरी सेवा शिविर-2026'' आयोजित किए जाएंगे।

05. हाल ही में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र जोन-II सम्मेलन में राजस्थान का प्रतिनिधित्व वासुदेव देवनानी ने किया

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान में निर्मित ब्लू पॉटरी का कलात्मक फूलदान नीदरलैंड के प्रधानमंत्री को भेंट किया गया।

(B) यह फूलदान जयपुर के शिल्पगुरु गोपाल सैनी द्वारा बनाया गया था

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं





**Important Facts:**

- नीदरलैंड में प्रधानमंत्री ने जयपुर की ब्लू पॉटरी भेंट की
- जयपुर के शिल्पगुरु गोपाल सैनी की ओर से निर्मित ब्लू पॉटरी का कलात्मक फूलदान डच किंग विलियम अलेक्जेंडर को भेंट किया गया।
- यह फूलदान हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीदरलैंड यात्रा के दौरान भेंट किया गया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 से 17 मई, 2026 तक नीदरलैंड की आधिकारिक यात्रा की थी।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) ) श्रीगंगानगर में आयोजित 43वीं राजस्थान राज्य जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता में श्रीगंगानगर ने बालक वर्ग में खिताब जीता

(2) जयपुर हैंडबॉल अकादमी के अकलेश और जयपुर की मुस्कान को बेस्ट प्लेयर का खिताब मिला

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के तत्वावधान में जिला हैंडबॉल संघ, श्रीगंगानगर द्वारा लालगढ़ जाटान में आयोजित 43वीं राजस्थान राज्य जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ।
- प्रतियोगिता में मेजबान श्रीगंगानगर ने बालक वर्ग और जयपुर ने बालिका वर्ग का खिताब अपने नाम किया।
- बालक वर्ग के फाइनल में श्रीगंगानगर ने ज्ञान ज्योति हैंडबॉल अकादमी को 28-21 से हराया, जबकि बालिका वर्ग के खिताबी – मुकाबले में जयपुर ने हनुमानगढ़ – को 20-17 से मात दी।
- तीसरे स्थान पर बालक वर्ग में जयपुर हैंडबॉल अकादमी और बालिका वर्ग में श्रीगंगानगर की टीम रही।
- जयपुर हैंडबॉल अकादमी के अकलेश और जयपुर की मुस्कान को बेस्ट प्लेयर तथा श्रीगंगानगर के मोक्ष और जयपुर की हिना को बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार मिला।

03.जयपुर के पैरा तैराक सिद्धांत कुमार ने बेंगलुरु में सम्पन्न हुई 26वीं जूनियर और सब-जूनियर नेशनल पैरा तैराकी चैम्पियनशिप में कौनसा पदक जीता है?

(A) 1 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज

(B) 2 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज

(C) 1 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- जयपुर के पैरा तैराक सिद्धांत कुमार ने बेंगलुरु में सम्पन्न हुई 26वीं जूनियर और सब-जूनियर नेशनल पैरा तैराकी चैम्पियनशिप में एक सिल्वर और दो ब्रॉन्ज मेडल जीते।
- इस प्रतियोगिता के आधार पर आइची-नागोया एशियाई पैरा खेलों के लिए महत्वपूर्ण चयन ट्रायल भी आयोजित किए गए।
- भारतीय पैरालिंपिक समिति के तत्वावधान में 8 से 10 जून तक आयोजित इस प्रतियोगिता में सिद्धांत कुमार ने 100 मीटर बैक स्ट्रोक में सिल्वर जबकि 200 मीटर इंडिविजुअल मेडल और 100 मीटर बटरफ्लाई में ब्रॉन्ज मेडल जीते।

04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:


(1) 11 जून को राजस्थान की प्रसिद्ध मांड गायिका गवरी देवी का 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया

(2) गवरी देवी को 1986 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था

सही कथन चुनिए:

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं



**Important Facts:**

- 11 जून को राजस्थान की प्रसिद्ध मांड गायिका गवरी देवी का 98 वर्ष की आयु में पाली स्थित उनके आवास पर निधन हो गया
- इनका जन्म बाड़मेर के जिले के कोरण गाँव में हुआ था।विवाह के बाद उन्होंने पाली को अपनी कर्मभूमि बनाया
- केसरिया बालम पधारो मारे देश", "मोर बोले रे मलजी" और "ढोला थारे देश में" जैसे अमर गीतों को अपनी जादुई आवाज देने का श्रेय उन्हें ही जाता है।
- • 1986 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित
- • 2013 में उन्हें 'राजस्थान रत्न' सम्मानित किया गया
- • उनकी मांड गायकी ने राजस्थान के लोक-संगीत को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई।
- ✓ गवरी देवी कला केंद्र - बीकानेर

**05. हाल ही में मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी ने वर्ष 2024 के लिए राजस्थान से किसे प्रो. विष्णुकांत शास्त्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?**

(A) टीना डाबी

(B) डॉ. विनोद शर्मा

(C) डॉ. जितेंद्र सोनी

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- डॉ. जितेंद्र सोनी को प्रो. विष्णुकांत शास्त्री पुरस्कार
- मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी ने वर्ष 2024 के लिए हनुमानगढ़ निवासी और आईएएस अधिकारी डॉक्टर जितेंद्र कुमार सोनी को एक लाख राशि का "अखिल भारतीय प्रोफेसर विष्णुकांत शास्त्री पुरस्कार" से सम्मानित किया।
- उन्हें उनके यात्रा वृत्तांत को "ओकुहेपा" के लिए यह पुरस्कार दिया गया।
- "ओकुहेपा इससे पहले राजस्थान सरकार के हिंदी सेवा पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।।

जयपुर, गुरुवार, 11 जून, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-112

1. **राज्य** सरकार द्वारा चयनित 16 जिलों में 'मॉडल उद्यान' किस नाम से विकसित किए जा रहे हैं?
(A) नमो उपवन
(B) स्मृति वन
(C) ऑक्सीजोन
(D) संजीवनी वाटिका

2. **'अपर** हाई लेवल कैनाल परियोजना' में जल वितरण को समान रूप से सुनिश्चित करने, दबाव एवं प्रवाह को स्वचालित रूप से नियंत्रित करने तथा रियल टाइम डेटा मॉनिटरिंग के लिए किस अत्याधुनिक प्रणाली का उपयोग किया जा रहा है?
(A) रडार प्रणाली
(B) सोनार प्रणाली
(C) जीआईएस ट्रैकिंग प्रणाली
(D) स्काडा प्रणाली

3. **राजस्थान** शिक्षा विभाग द्वारा विकसित 'शाला संवाद' के तहत किस कक्षा से किस कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री और ई-कॉन्टेंट उपलब्ध कराया जा रहा है?
(A) कक्षा 6 से 12 तक
(B) कक्षा 9 से 12 तक
(C) कक्षा 1 से 8 तक
(D) कक्षा 1 से 12 तक

4. **पीएम-कुसुम** योजना के कम्पोनेंट-सी के तहत सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने में राजस्थान का देश में कौन-सा स्थान है?
(A) प्रथम (B) द्वितीय
(C) तृतीय (D) चतुर्थ

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत जालोर जिले की उपज कौन सी है?
(A) जीरा (B) अनार
(C) प्याज (D) गाजर

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

राजस्थान के सभी श्रमिकों, पथ विक्रेताओं (street vendors) तथा लोक कलाकारों द्वारा सामना की जाने वाली कठिनाइयों और भविष्य सम्बन्धी आशंकाओं के समाधान एवं वृद्धावस्था में उन्हें संबल प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना लागू की जाती है। यह स्वैच्छिक एवं अंशदायी पेंशन योजना के रूप में संचालित होगी। योजना के पात्र अभिदाताओं को 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर रूपये 3000/–(अक्षरे राशि रूपये तीन हजार मात्र) मासिक पेंशन दी जायेगी। इस योजना के अन्तर्गत देय पेंशन, मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन के अतिरिक्त होगी।

## 1. योजना का नाम, प्रारम्भ और अनुप्रयोज्यता:-

1. इस योजना का नाम मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना, 2024 है।
2. यह योजना आदेश जारी किये जाने की तिथि से सम्पूर्ण राजस्थान में प्रवृत्त होगी।
3. इस योजना के उपबन्ध, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, पथ विक्रेताओं (Street vendor) तथा लोक कलाकारों पर लागू होंगे।
4. योजना का संचालन राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग द्वारा किया जायेगा।

**Today, Quiz:**

**Q. नीति आयोग की शासी परिषद की 11वीं बैठक में राजस्थान के विकास का व्यापक रोडमैप किसने प्रस्तुत किया?**

(A) दीया कुमारी

(B) भजनलाल शर्मा

(C) राज्यवर्धन राठौड़

(D) इनमें से कोई नही

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW | PRESS BELL ICON | Like | Share

FOLLOW ON INSTAGRAM
FOLLOW ON FACEBOOK
JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine
GK Search Engine
GK Search Engine